महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. आनन्द पाटील**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Prof. Anand Patil**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

क्रमांक : 108/व.स.का.सं/पर्यावरण क्लब./2025/03/151
दिनांक : 27.05.2025

# सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मियों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05 जून, 2025 को **'पर्यावरण क्लब'** द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान **'पर्यावरण पूरक जीवन शैली'** कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ/प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी :

**1. ऊर्जा संरक्षण :**

* घर एवं आस-पास एलईडी बल्ब लगाना।
* ऊर्जा संरक्षण तकनीकों पर जन-जागरूकता फैलाना।

**2. जल संरक्षण :**

* घर में जल संरक्षण की विधियों का अभ्यास करना।
* जल संरक्षण के प्रति आस-पास के लोगों को जागरूक करना।
* फसल विविधीकरण पर जागरूकता बढ़ाना : चावल और गेहूँ की परंपरागत खेती से हटकर दलहन एवं तिलहन फसल प्रणाली को अपनाना।
* घर/गाँव में वर्षा जल संचयन हेतु बुनियादी ढाँचा तैयार करना।
* पौधों या वाहनों को पानी देने के लिए नली की जगह बाल्टी का उपयोग करना।
* टपकते नल, फ्लश और पानी की पाइप लाइनों की मरम्मत करना।

**3. वृक्षारोपण :**

* घर के परिसर में नीम, गिलोय, पुदीना, करी पत्ता आदि औषधीय पौधे लगाना।

**4. निबंध लेखन प्रतियोगिता (विषय) :**

* मिशन लाइफ : पर्यावरण के लिए जीवन शैली
* भारत में हुए प्रमुख पर्यावरण आंदोलन

उपरोक्त कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को 27 मई, 2025 से 03 जून, 2025 तक गूगल फॉर्म लिंक (https://forms.gle/TiweRApB8HseJA6s6) के माध्यम से पंजीकरण करना आवश्यक है।

प्रतिभागियों को अपनी गतिविधियों का विवरण 30 जून, 2025 तक प्रेषित करना होगा। निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 05 जून, 2025 को किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएँगे तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी को 'पर्यावरण मित्र पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत की जाती है।

27/05/25
(प्रो. आनन्द पाटील)

**प्रति (ई-मेल द्वारा) :** समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी।

**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :**

1. माननीय कुलपति कार्यालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक, अकादमिक निदेशक, प्रभारी एवं क्षेत्रीय केंद्र
3. प्रभारी, लीला (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
4. संबंधित पत्रावली

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post – Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail: registrar@mgahv.in वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org